कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0:1337 /शैक्षिक/2023–24 दिनांक : 21/02/2024

:: आवश्यक सूचना ::

विश्वविद्यालय में अध्यनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व में निर्गत पत्र सं0 1246/शैक्षिक/2023–24 दिनांक 31.01.2024 में इंगित शिक्षण शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 05.02.2024 को विस्तारित करते हुये 25.02.2024 तक की जाती है।

अतः सभी छात्र Student ERP Portal के माध्यम से अपना शिक्षण शुल्क एवं अवशेष शुल्क दिनांक 25.02.2024 के मध्य जमा करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के उपरान्त रू0 200/– प्रतिदिन (अधिकतम रू0 1000/–) विलम्ब शुल्क देय होगा।

साथ ही यह भी सूचित करना है कि जिन छात्र–छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति 75% नहीं होगी, उन छात्र–छात्राओं को आगामी मिड सेमेस्टर एवं नियमित परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

21/02/2024

(ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्र–छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त छात्रावासों में चस्पा कराने हेतु उक्त को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Revised Notice for Balanced Fee deposition 2023-24 for all students" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
8. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप